राजस्थान सरकार

निदेशालय, खान एवं भू विज्ञान विभाग

खनिज भवन, उदयपुर – 313 001 दूरभाष –(0294) – 2415091-95

e-mail – po.mg@rajasthan.gov.in

क्रमांकः– निदे/प–5(17)2022–23/1863 उदयपुर, दिनांकः– 19/07/2022

## कोटेशन के लिये अनुरोध

निदेशालय, खान एवं भू विज्ञान विभाग के लिये निम्नलिखित सेवा प्रदायगी हेतु मोहरबन्द कोटेशन आमन्त्रित किये जाते हैं :

| क. सं. | विवरण | वार्षिक अनुमानित लागत (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | कार्यालय के पर्दे एवं विभागीय वाहनों के सीट कवर इत्यादि धुलाई के कार्य की सेवा प्रदायगी (कोटेशन प्रपत्र के अनुसार) | 40000/– |

1. कोटेशन का पूर्ण विवरण एवं शर्ते विभागीय वेबसाईट http://www.mines.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है।
2. कोटेशन प्रपत्र इस कार्यालय से दिनांक 21.07.2022 तक प्राप्त किये जा सकते है।
3. कोटेशन जमा कराने की अंतिम तिथि दिनांक 22.07.2022 दोपहर 12:00 बजे तक है।
4. कोटेशन दिनांक 22.07.2022 को दोपहर 3:00 बजे खोली जायेंगी।

(महेश माथुर)
अतिरिक्त निदेशक (खान–मु0)

Scanned by CamScanner

राजस्थान सरकार

निदेशालय, खान एवं भू विज्ञान विभाग

खनिज भवन, उदयपुर – 313 001 दूरभाष – (0294) – 2415091-95

e-mail – po.mg@rajasthan.gov.in

## बोलीदाताओं के लिये आवश्यक दिशा–निर्देश :–

1. कोटेशन प्रस्तुत करने से पूर्व बोलीदाता को बोली दस्तावेज, कोटेशन के लिये अनुरोध सूचना, बोलीदाताओं के लिये आवश्यक दिशा–निर्देश, घोषणा पत्र एवं कोटेशन प्रपत्र प्राप्त कर व सावधानी पूर्वक अध्ययन कर कोटेशन प्रस्तुत किये जाने चाहिए।
2. समस्त कोटेशन के लिये अनुरोध की कार्यवाही राजस्थान सरकार के सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 तथा नियम 2013 के अन्तर्गत की जा रही है। अतः इनके प्रावधान प्रभावी रहेगें ।
3. कोटेशन निर्धारित कोटेशन प्रपत्र में ही प्रस्तुत किये जाने आवश्यक है, अन्यथा अस्वीकार कर दिये जायेगें।
4. कोटेशन के लिये अनुरोध प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://www.mines.rajasthan.gov.in पर देखे एव डाउनलोड किये जा सकते है। कोटेशन दिनांक 21.07.2022 तक निदेशालय के कमरा नम्बर 236 में उपस्थित होकर भी प्राप्त किये जा सकते है।
5. कोटेशन दिनांक 22.07.2022 दोपहर 12:00 बजे तक निदेशालय के कमरा नम्बर 236 में जमा करवाये जा सकेगें। डाक/कुरियर से प्रेषित कोटेशन भी दिनांक 22.07.2022 को दोपहर 12.00 तक ही प्राप्त किये जायेंगे। देरी से प्राप्त कोटेशन पर किसी भी प्रकार से विचार नहीं किया जावेगा। डाक देरी से प्राप्त होने पर विभाग की कोई जिम्मेदारी नही होगी। कोटेशन दिनांक 22.07.2022 को दोपहर 3.00 बजे उपस्थित बोलीदाताओं/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जायेंगे।
6. अपरिहार्य कारणों से यदि कोटेशन प्राप्त किये जाने/खोले जाने की दिनांक को अवकाश रहता है तो कोटेशन प्राप्त किये जाने/खोले जाने की कार्यवाही अगले कार्य दिवस को होगी।
7. कोटेशन प्रपत्र सही तरीके से प्रत्येक कॉलम की पूर्ति करते हुये भरा जाये, किसी प्रकार की ओवर राइटिंग नहीं की जाये। ओवरराईटिंग होने पर लघु हस्ताक्षर करें । कोटेशन प्रपत्र स्याही या टाईप से भरा जावें। पेन्सील से भरा हुआ कोटेशन प्रपत्र स्वीकार्य नहीं होगा। अपूर्ण कोटेशन तथा सशर्त कोटेशन स्वीकार नहीं किये जायेगें। कोटेशन प्रपत्र एवं उसके साथ संलग्न प्रत्येक दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर बोलीदाता को कोटेशन की समस्त शर्तो एवं निर्देशों की स्वीकृति स्वरूप हस्ताक्षर करने अनिवार्य हैं।
8. सबसे कम बोली लगााने वाले बोलीदाता (L1) का निर्धारण कोटेशन में उल्लेखित सभी वस्तुओं के लिये कोट की गई दरों के जोड़ के आधार पर किया जायेगा।
9. कार्यालय के पर्दे एवं विभागीय वाहनों के सीट कवर इत्यादि धुलाई के कार्य की सेवा प्रदायगी की अवधि कार्यादेश जारी करने की दिनांक से 1 वर्ष तक के लिये होगी।
10. कोटेशन प्रपत्र में दर्शाये गये धुलाई की सेवा प्रदायगी के कार्य अनुमानित है । कार्य विभागीय आवश्यकतानुसार कराये जायेगें।
11. न्यूनतम दरों को स्वीकार करने के लिये विभाग बाध्य नहीं है एवं कोटेशन के लिये अनुरोध प्रकिया या प्राप्त कोटेशन को अथवा उसके किसी भी भाग को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का पूर्ण अधिकार विभाग के पास सुरक्षित है ।
12. **यदि कोई बोलीदाता ऐसी शर्तें लगाता है जो यहां उल्लिखित शर्तों के अतिरिक्त हैं या उनके विरोध में हैं तो उनकी कोटेशन अस्वीकृत की जा सकती है।**

Scanned by CamScanner

13.बोलीदाता या उसके प्रतिनिधि की ओर से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष **पक्षपुष्टि के लिए उपार्थना** (Canvassing) करना अयोग्यता होगी।

14.यदि कोटेशन प्रकिया या कार्य संबंधी कोई संदेह हो तो बोलीदाता दिनांक 21–07–2022 तक कार्यालय के केन्द्रिय भण्डार से सम्पर्क कर स्पष्टीकरण प्राप्त कर सकता है।

15.कार्य संतोषप्रद एवं उपयुक्त पाये जाने पर भुगतान किया जायेगा। कार्य में कोई भी कमी पाये जाने पर सफल बोलीदाता को अपने खर्चे पर पुनः संतोषप्रद रूप से कार्य करना होगा।

16.संतोषप्रद कार्य नहीं पाये जाने पर बिलों से राशि सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के प्रावधानों के अनुसार काटी जा सकती है।

17.भुगतान के समय नियमानुसार स्त्रोतों पर कर कटौती एवं GST की कटौती के प्रावधान लागू होंगे।

18.कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा तथा न ही किसी प्रकार का ब्याज दिया जायेगा।

19.भुगतान में किसी भी प्रकार के विलम्ब हेतु किसी भी प्रकार का ब्याज विभाग के द्वारा देय नहीं होगा।

20.कोटेशन के साथ निम्न दस्तावेज संलग्न करने होगेः–

1. बोलीदाता द्वारा हस्ताक्षरित (वर्णित शर्तो नियमों एवं निर्देशो में उनकी स्वीकृति के रूप में) संपूर्ण कोटेशन के लिये अनुरोध दस्तावेज यथा, कोटेशन प्रपत्र, बोलीदाताओं के लिये आवश्यक दिशा–निर्देश, घोषणा पत्र।
2. फर्म का नाम, पुरा पता एवं मोबाईल नम्बर।
3. अन्य कोई दस्तावेज जो आवश्यक हो।

21.निदेशालय में सामग्री आपूर्ति हेतु बोलीदाता द्वारा लगाये गये कर्मचारी की समस्त जिम्मेदारी बोलीदाता की होगी। सप्लाई/कार्य के दौरान किसी भी नुकसान, क्षति, दुर्घटना के लिए समस्त जिम्मेदारी बोलीदाता की होगी। विभाग द्वारा इस हेतु कोई क्षतिपूर्ति देय नहीं होगी। बोलीदाता अपने लगाये हुए कर्मचारी के आग, बाढ़, प्राकृतिक आपदा, दुर्घटना आदि से किसी भी नुकसान या क्षति, के लिये बीमा करा सकता है एवं बीमा का सारा खर्च स्वयं बोलीदाता को वहन करना होगा।

22.निदेशालय खान एवं भू विज्ञान विभाग, खनिज भवन, उदयपुर के पास सामग्री आपूर्ति हेतु नियमों और शर्तो को बदलने, सही करने व संशोधित करने का अधिकार होगा।

23.सफल फर्म द्वारा कयादेश की किसी भी शर्त का उल्लंघन पाये जाने पर कयादेश समाप्त करने का विभाग को पूर्ण अधिकार होगा एवं इस हेतु कोई क्षतिपूर्ति देय नहीं होगी।

24.स्थानीय उघमों को किमत/कय अधिमानता नियमानुसार दी जायेगी।

25. **बोली से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/जानकारी वेबसाइट** http://www.mines.rajasthan.gov.in **पर प्रकाशित की जाएगी।**

26.कोई भी विधिक विवाद होने पर सक्षम न्यायालय उदयपुर में ही वाद दायर किया जा सकता है।

27.सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 तथा नियम 2013 के सभी नियम निविदा पर प्रभावी माने जायेगे।

**(महेश माथुर)**
अतिरिक्त निदेशक (खान–मु0)

Scanned by CamScanner

# घोषणा

मैं / हम घोषणा करते हैं कि निविदा में की गयी प्रविष्टियां मेरे / हमारे ज्ञान और विश्वास में सही हैं। मैं / हम यह भी पुष्टि करते हैं कि मैंने /हमने इस कोटेशन दस्तावेज में निहित सभी नियमों और शर्तों को पढ़ और समझ लिया है और इसकी पालना करने के लिए सहमत हैं।

मैं / हम यह मानते हैं कि उपरोक्त तथ्यों / सूचनाओं को झूठा पाया गया तो डीएमजी. उदयपुर अपने पूर्ण विवेकाधिकार में किसी भी असाइनमेंट को अस्वीकार / रद्द कर सकता है और इस तरह के मामले में मैं / हम उस असाइनमेंट के संबंध में किसी भी नुकसान / दावा करने के हकदार नहीं होंगे ।

मैं / हम एतद्द्वारा प्रमाणित करते हैं कि हमारे द्वारा किया जाने वाला कार्य उच्चतम श्रेणी और गुणवत्ता वाला होगा। मैं / हम इसके गुणपूर्णता के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे।

हस्ताक्षर बोलीदाता
(मय फर्म सील)

Scanned by CamScanner

## कोटेशन प्रपत्र

1. कार्यालय के पर्दे एवं विभागीय वाहनों के सीट कवर इत्यादि धुलाई के कार्य की सेवा प्रदायगी
2. बोलीदाता का नाम एवं पता ------------------------------------------

---------------------------------------------

मोबाईल नम्बर ------------------------------

ई–मेल----------------------------------

3. कोटेशन के साथ निम्न दस्तावेज संलग्न हैं :–
   I. घोषणा पत्र (संलग्न प्रारूप में)
   II. बोलीदाता द्वारा हस्ताक्षरित (वर्णित शर्तो नियमों एवं निर्देशो में उनकी स्वीकृति के रूप में) संपूर्ण कोटेशन के लिये अनुरोध दस्तावेज यथा कोटेशन प्रपत्र, बोलीदाताओं के लिये आवश्यक दिशा--निर्देश, घोषणा पत्र ।
   III. अन्य कोई दस्तावेज जो आवश्यक हो।
3. मै/हम निदेशालय, खान एवं भू विज्ञान विभाग, खनिज भवन, शास्त्री सर्कल, उदयपुर कार्यालय की निम्नलिखित सामग्री की धुलाई हेतु निम्नानुसार दरें प्रस्तुत करता हूँ/करते हैं।

| क्र. सं. | सामग्री | दर प्रति नग (रूपयों में) |
|---|---|---|
| 1 | पर्दा दरवाजे का | |
| 2 | पर्दा खिड़की का | |
| 3 | सीट कवर (स्विफट डिजायर/एम्बेस्डर कार के) | |
| 4 | सीट कवर (बोलेरो, टवेरा, इनोवा के) | |
| 5 | टोवेल बडे | |
| 6 | टोवेल छोटे | |
| 7 | सोफा कवर (सिंगल सीटर) | |
| 8 | सोफा कवर (थ्री सीटर) | |
| 9 | टेबल क्लोथ | |
| 10 | कुशन कवर (चेयर के) | |

नोट :– **सम्पूर्ण कार्य अच्छी गुणवत्ता की होना चाहिये तथा कार्य धुलाई, प्रेस व नील सहित करना होगा।**

1. मेरे/हमारे द्वारा अतिरिक्त निदेशक (खान–मु0), उदयपुर द्वारा जारी कोटेशन एवं इस कोटेशन प्रपत्र का एवं प्रपत्र के साथ संलग्न संपूर्ण दस्तावेज तथा शर्तो का अध्ययन, अवलोकन एवं मनन कर लिया है और समस्त शर्तो से सहमत हुं एवं इन शर्तो व निर्देशो की स्वीकृति के कम में कोटेशन प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर कर दिये गये है।
2. मेरे द्वारा उक्त दरें सम्पूर्ण कोटेशन पढने के बाद ही कोट की गई है।

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय मोहर

Scanned by CamScanner